# बरसाना प्यारा बड़ा याद आये भजन लिरिक्स

बरसाना प्यारा बड़ा याद आये,
कृपा कर किशोरी जी,
कृपा कर किशोरी जी,
जल्दी बुलाये,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आए।bd।

---

मैं आती रही हूँ मैं आती रहूंगी,
बहाती हूँ आंसू बहाती रहूंगी,
जब तक किशोरी जी,
जब तक किशोरी जी,
सामने ना आये,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आए।bd।

---

एक पल भी भाव ना बिसरे,
हे श्यामा प्यारी,
ना गहवर ना प्रेम सरोवर,
ना छूटे अटारी,
भले रोते रोते ही,
भले रोते रोते ही,
प्राण छूट जाए,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आए।bd।

---

आप की छवि के आगे,
वो आंसू बहाना ,
नए नए भाव किशोरी,
आप को सुनाना,
याद जब भी आए मोसे,
याद जब भी आए मोसे,
रहा नहीं जाए,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आए।bd।

---

बांह मेरी थामे रखना,
हो ना जग हासी,
प्रीत मेरी झूठी मैं भी,

झूठी 'हरिदासी',
आप तो दयालु हो,
आप तो दयालु हो,
छोड़ के ना जाए,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आए।bd।

---

बरसाना प्यारा बड़ा याद आये,
कृपा कर किशोरी जी,
कृपा कर किशोरी जी,
जल्दी बुलाये,
बरसाना प्यारा बड़ा याद आए।bd।

**Singer – Shree Haridasi Happy Sharma**
प्रेषक – बावरा दास जी
**8791296172**

---

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com